सार-समाचार

ग्रामीणों ने विधायक को ज्ञापन सौंपा

पाटन (निसं)। मास्टर प्लान 2047 को लेकर नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र में आक्रोश लगातार बढता जा रहा है। सोमवार को ग्राम पंचायत हीरानगर, गोडावास, गुर्जर कॉलोनी सहित आसपास के इलाक़ों के सैकड़ों किसान, मजदूर और गरीब परिवार विधायक सुरेश मोदी के आवास पर पहुंचे और जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए मास्टर प्लान के खिलाफ़ ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि यह मास्टर प्लान उनके खेतों और मकानों को उजाडने की साजिश है।किसानों का आरोप है कि पीढ़ियों से जिस जमीन पर वे खेती कर अपने बच्चों का पेट पालते आए हैं। वहीं जमीन अब छीनने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। जिनके पास सिर छुपाने के लिए छोटा-सा मकान है, उसे भी मास्टर प्लान की आड में गिराने का प्रावधान कर दिया गया है। गरीब परिवारों की पुकार है कि हम कहाँ जाएंगे, हमारे बच्चों का भविष्य क्या होगा। विधायक सुरेश मोदी ने आक्रोशित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा, यह मास्टर प्लान किसानों की ज़मीन छीनकर उनकी रोजी-रोटी खत्म करने का काम कर रहा है,मज़दूरों के घर उजाडे जा रहे है, गरीब परिवारों को सड़क पर खडा करने की साजिश रची जा रही है।यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि जनता की ज़िंदगी और भविष्य को संकट में डालने वाली साजिश है। विधायक मोदी ग्रामीणों के साथ उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की।विधायक मोदी ने साफ कहा कि यदि सरकार ने किसानों और ग़रीब परिवारों की ज़मीनों से छेडछाड बंद नहीं की तो,बड़े पैमाने पर जन आंदोलन खडा किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन और रैलियों के ज़रिए सरकार को जवाब दिया जाएगा, और सडकों पर उतरकर जनता का हक़ छीने जाने के खिलाफ़ निर्णायक संघर्ष किया जाएगा।

खराब सड़कों की मरम्मत हेतु ज्ञापन सौंपा

पाटन (निसं)। डाबला क्षेत्र में स्थित महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल से लेकर बड वाले बालाजी मंदिर होते हुए मेहाड़ा जाने वाली सड़क एवं डाबला गांव से बिहारीपुर गांवली (मेगा स्टेट हाइवे) तक जाने वाली सड़कों पर बरसाती पानी भरे जाने से खड्डे हो जाने से सडकें काफी खराब हालत में है। जिससे जनजीवन और यातायात काफी प्रभावित है। मुख्य मार्गों से लेकर संपर्क मार्गों तक सड़क कहीं उखड़ी है ,तो कहीं गढ़ों में बरसाती पानी भर गया है। जिससे वाहन चालको को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है, एवं गुजरने वाले वाहन भी क्षितिग्रस्त हो जाते हैं, तथा आए दिन दुर्घटना की पूर्ण आशंका रहती है ।क्षेत्र के लोग सड़क के मरम्मत की मांग लंबे समय से उठा रहे है, इस संबंध में स्थानीय लोगों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा कई बार प्रशासन एवं पी.डब्लू.डी को सूचित किया जा चुका है। इसके बावजूद प्रशासन ने इसके प्रति कोई सक्रिय रुख नहीं अपनाया। ग्रामीणों ने सड़क के नवीनीकरण एवं उसकी पर्याप्त मरम्मत की पेशकश की है। जिसके चलते सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा नेता नरेंद्र सैनी एवं समस्त स्थानीय लोगों द्वारा एसडीएम साहब को सडक की खराब स्थिति के चलते प्रार्थना पत्र सौंपा गया, एवं क्षतिग्रस्त सड़क की 33 फोटो दी गई, एवं प्रशासन को समस्या के प्रति संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही की मांग की गई है।

चारदीवारी निर्माण में अनियमितता

रतनगढ़, (निसं)। कस्बे के गुसाई धोरा स्थित भूमि पर नगर पालिका द्वारा बनाई जा रही चारदीवारी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। वार्डवासियों की मांग पर विधायक पूसाराम गोदारा ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि चारदीवारी निर्माण में पुरानी ईंटों व घटिया मैटेरियल का उपयोग हो रहा है। साथ ही आम रास्तों पर अतिक्रमण भी किया जा रहा है तथा 12 इंच की पेयजल लाइन मौके पर टूटी हुई मिली, जिससे पांच वार्डों में पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। विधायक ने नाराजगी जताते हुए नगर पालिका अधिकारियों को घटिया मैटेरियल से दीवार निर्माण तत्काल रोकने और आम रास्तों को खाली कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समाज द्वारा प्रस्तुत पत्रों की समीक्षा के अनुसार यह भूमि वाल्मीकि समाज को आवंटित है। विधायक ने विभागीय अधिकारियों को शीघ्र जांच कर स्पष्ट रिपोर्ट देने तथा पेयजल आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक ने वाल्मीकि समाज व गुसाई धोरा के लोगों की समस्याएं सुनी और उनके पक्ष में आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर अरविंद चाकलान, भनीराम मेघवाल, पार्षद पुरुषोत्तम इंदौरिया, मुख्तियार खान, अशोक, शंकरलाल कम्मा सहित बडी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ कल

चूरू (निसं)। 18 से 22 सितंबर तक होने वाले पांच दिवसीय भगवान अग्रसेन की 5149 वीं जयंती के उपलक्ष में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज चूरू की ओर से अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का शुभारम्भ 18 सितम्बर को क्रिकेट प्रतियोगिता से होगा। क्रिकेट प्रतियोगिता जयपुर रोड स्थित ऑटो मार्केट में होगी। 19 से 22 सितम्बर तक अग्रसेन भवन में विभिन्न प्रतियोगिताओं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। 19 सितम्बर को आरती थाली सजाओ, नो गैस कुकिंग, मेहंदी प्रतियोगिता व डांडिया नृत्य प्रतियोगिता होगी। 20 सितम्बर को पेंटिंग प्रतियोगिता, हाउजी व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता होगी। 21 सितम्बर को जंपिंग रेस, फाइंड द कैंडी, म्यूजिकल चेयर व रस्सा-कस्सी का आयोजन किया जाएगा। 22 सितम्बर को प्रभात फेरी, ध्वजारोहण व रक्तदान शिविर आयोजित किये जायेंगे। 22 सितंबर को धोली सती दादी मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। पारितोषिक वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये समाज के लोगों ने मंगलवार बाजारों में पीले चावल व निमंत्रण कार्ड बांटे और अग्र बंधुओं से इस ऐतिहासिक उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में पधारने का आग्रह किया।

शिविर की तैयारियों को लेकर चर्चा

झुंझुनूं, (निसं)। मंगलवार को नव तहसील भवन में ग्रामीण सेवा शिविर-2025 की तैयारी बैठक का आयोजन एसडीएम कौशल्या बिश्नोई की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में तहसील क्षेत्र के समस्त फिल्ड स्टाफ एवं कार्यालय स्टाफ मौजूद रहा। बैठक में ग्रामीण सेवा शिविर-2025 के संबंध में एसडीएम ने आवश्यक निर्देश जारी करते हुए बताया कि प्रत्येक पटवारी को उनके पटवार हल्का के समस्त काश्तकारों की समस्याओं के बारे में पता रहना चाहिए और समाधान की दशा में प्रयास करना चाहिए। साथ ही राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप ग्रामीण सेवा शिविर-2025 को सफल बनाने में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया जाना चाहिए। तहसीलदार महेंद्र सिंह मूंड ने बताया कि सहमति से रास्ता प्रकरणों का शत प्रतिशत समाधन उक्त शिविरों में किया जावे एवं अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में ग्मामीणों की उपस्थित के लिए प्रचार प्रसार कर काश्तकारों-पक्षकारों को शिविर का लाभ पहुंचाए। बैठक में नायब तहसीलदार अभिषेक मीणा, राजेश बजाड अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, शारदा देवी सहायक प्रशासनिक अधिकारी सहित समस्त कार्मिक उपस्थित थे।

किराना व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपा

हनुमानगढ़, (निसं)। किराना व्यापार संघ नोहर के अध्यक्ष पार्षद पवन कुमार कन्दोई व किराना व्यापार संघ नोहर के सचिव बालकृष्ण व्यास की अगुवानी में अनाज मंडी नोहर के किराना व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल कांग्रेस विधायक अमित चाचाण को राजस्थान सरकार के नाम एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि राजस्थान सरकार द्वारा कृषि उपज मंडियों में व्यापार कर रहे किराना व्यापारियों पर यूजर टैक्स लगाने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत 100 रुपये के कारोबार पर 50 पैसे का यूजर टैक्स देना पड़ेगा जो न्यायसंगत नहीं है। इससे खाद्य सामग्री के दाम बढ़ने की संभावना प्रबल होगी। विधायक अमित चाचाण के जरिये यहां के किराना व्यापारियों ने राज्य सरकार से माँग की है कि व्यापारी हित को देखते हुए मुख्यमंत्री भजनलार शर्मा अपने संज्ञान में लेते हुए यूजर टैक्स को वापस लेकर व्यापारियों व किसानों को राहत पहुँचाए। प्रतिनिधि मंडल में मनोज कलानी आशीष मोदी समेत दर्जन भर किराना व्यापारी उपस्थित रहे।

छात्रा और भाजपा नेता पर हमले का विरोध

रतनगढ़ (निसं)। सनातन सेवा न्यास की ओर से नगर उपाध्यक्ष गोविंद खटोड़ के नेतृत्व में सोमवार को रतनगढ उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में हाल ही में हुई घटना में छात्रा से छेड़छाड़ एवं भाजपा नेता पर किए गए हमले की कडी निंदा की गई। न्यास पदाधिकारियों ने ज्ञापन में दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी, अपराधियों का बाजार में जुलूस निकालने, पीडित परिवार को सुरक्षा देने एवं महिलाओं की सुरक्षा हेतु विशेष अभियान चलाने की मांग की। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया कि वर्ष 2024 में भी इसी प्रकार की प्रताडना के चलते एक छात्रा ने आत्महत्या का प्रयास किया था। इस बार भी आशंका जताई गई कि यदि कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो अन्य युवतियां भी आरोपियों के चंगुल में फंस सकती है।

मगदास जी महाराज की बगीची में भामाशाहों का सम्मान किया

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर कस्बे में वार्ड नंबर 23 में मगदास महाराज की बगीची में कामगार समाज की और से भामाशाह का सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भामाशाह पूनम चंद्र गर्ग, कार्यक्रम के अध्यक्ष कामगार समाज के वरिष्ठ नेता एवं माली सैनी समाज के अध्यक्ष शंकर लाल खडोलिया, विशिष्ट अतिथि मुकेश श्रीमाल, पत्रकार विनोद भाटिया, भजनलाल पारीक ,सुरेश वाल्मीकि, कालूराम तंवर, के सान्निध्य में कार्यक्रम

■ भामाशाहों ने दो शौचालय, पीने की पाइपलाइन, धुंणा गट्टा बनाने की घोषणा की

राजलदेसर कस्बे में वार्ड नंबर 23 में मगदास महाराज की बगीची में कामगार समाज की और से भामाशाह का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

आयोजित किया गया जिसमें सर्व समाज में निरंतर सेवा करने वाले भामाशाह पूनम चंद गर्ग,कामगार समाज के वरिष्ठ नेता शंकरलाल खडोलिया, मुकेश श्रीमाल, का सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता कामगार समाज के युवा नेता कालूराम तंवर ने भामाशाह पूनम चंद गर्ग के द्वारा राजलदेसर कस्बे में किए गए विकास कार्यों को लेकर उपस्थित कामगार समाज के व्यक्तियों के सामने पूरी जानकारी दी।

उन्होंने बगीची में कुछ कमियां थी उसके बारे में भी अवगत कराया जिसको लेकर पूनम चंद्र गर्ग ने मौके पर ही शौचालय बनाने की घोषणा की इसके अलावा मुकेश श्रीमाल ने पीने के पानी की पाइप लाइन की घोषणा की कामगार समाज के वरिष्ठ नेता एवं माली सैनी समाज के अध्यक्ष शंकर लाल खडोलिया ने धुंणा गट्टा का भामाशाह के सहयोग से जिर्णोद्वार कराने की घोषणा की इस अवसर पर उपस्थित समाज के लोगों ने आए हुए अतिथियों का साफा ,माला, पुष्प वर्षा करके सम्मान किया कार्यक्रम में पिंटू पवार, वीरू नायक, नंदू, भंवरनाथ, बाबूलाल वाल्मीकि, नानूराम, पप्पू राम, रमेश रेगर बजरंग भोपा,राकेश भाट्ट, बनवारी मेघवाल कन्नू मेघवाल, विकास वाल्मीकि, चंद्रजीत हरिजन, शंकर लाल जाट आदि उपस्थित थे।

सार-समाचार

जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

सीकर (निसं)। सीकर वन विभाग एवं राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा मंगलवार को विश्व ओजोन दिवस 2025 के उपलक्ष्य में स्मृति वन में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष का थीम था 'विज्ञान से वैश्विक कार्रवाई', जिसके अंतर्गत ओज़ोन परत की सुरक्षा और सामुदायिक भागीदारी से पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विविध गतिविधियां आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने मियावाकी मॉडल पर आधारित वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। इस मॉडल के अंतर्गत स्मृति वन में एक नया वन ब्लॉक विकसित करने की शुरुआत की गई, जिसमें देशज प्रजातियों के 500 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में सत्यप्रकाश द्वारा मियावाकी मॉडल पर एक विशेष व्याख्यान दिया गया, जिसमें उन्होंने बताया कि किस प्रकार आमजन छोटे स्थानों में भी घने वनों का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने अपने प्रस्तुतीकरण में समुदाय आधारित हरित प्रयासों की महत्ता पर बल दिया। उप वन संरक्षक गुलजारीलाल जाट ने मुख्य भाषण देते हुए ओज़ोन परत के संरक्षण के वैज्ञानिक पक्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने ओज़ोन-क्षरणकारी पदार्थों के प्रयोग में कमी लाने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आव्हान किया, जिससे पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखा जा सके।

'बाल विवाह मुक्त विश्व' अभियान शुरू

सीकर (निसं)। खाटू के पावन श्री श्याम दरबार से बाल विवाह मुक्त विश्व अभियान की शुरुआत की गई। यह पहल गायत्री सेवा संस्थान, बाल अधिकारिता विभाग एवं बाल कल्याण समिति की संयुक्त पहल पर एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम के अंतर्गत शुरू की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री श्याम मंदिर के पुजारी रघुवीर महाराज ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सनातन जीवन पद्धित में बाल विवाह जैसी कुरीति का किसी भी धार्मिक ग्रंथ में उल्लेख नहीं है। श्री श्याम मंदिर कमेटी सभी विश्वबंधुओं से कहा है कि न तो बाल विवाह करें और न किसी बाल विवाह में शामिल हों। यदि ऐसी सूचना कहीं पर मिले तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन अथवा संस्था की टीम को सूचित करें। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में यह संदेश देना है कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि बच्चों के भविष्य और उनके अधिकारों पर गहरी चोट है। धार्मिक स्थलों से इस मुहिम की शुरुआत का मकसद अधिक से अधिक लोगों तक जागरूकता का संदेश पहुंचाना है।

ग्रामीण सेवा शिविर आज से

हनुमानगढ़, (निसं)। जन-जन के साथ, विकास और अंत्योदय के मार्ग को लेकर आज से जिले में ग्रामीण सेवा शिविरों का शुभारंभ होगा।

शिविर का समय प्रात: 9.30 बजे से 6 बजे तक रहेगा। शिविर समाप्ति यानी 6 बजे तक कुछ कार्य अपूर्ण या लंबित रहे तो विभागवार इसकी सूची संधारित की जाएगी तथा समयबद्ध तरीके से इन सभी लंबित मामलों का निस्तारण किया जाएगा। अभियान की अवधि तब तक होगी जब तक कि सभी पंचायत समितियों की प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन ना हो जाये।

अभियान के प्रथम सप्ताह में आयोजित होने वाले शिविर बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार (17, 18, 19 एवं 20 सितम्बर 2025) को प्रत्येक दिवस दो ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे।

शेष अभियान के शिविर सप्ताह के प्रत्येक गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार को प्रत्येक दिवस दो ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे।

'यह शरीर केवल एक रथ है, जिसकी सारथी हमारी आत्मा'

चिड़ावा, (निसं)। स्थानीय पुराने पोस्ट ऑफिस में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास वाणी भूषण पंडित प्रभुशरण तिवाडी ने मनुष्य जीवन के उद्देश्य और आत्मा के स्वरूप पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

■ श्री कृष्ण सुदामा की सजीव झांकी ने वातावरण को भक्तिमय बनाया

उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस शरीर को हम अपना समझते हैं। वह वास्तव में हमारा नहीं है। बल्कि यह केवल एक रथ है। जिसकी सारथी हमारी आत्मा है। तिवाडी ने भजन जरा जीव विचारों मन मे तेरी आत्मा का कैसा रूप है, ये देह नहीं है तेरी आत्मा तू तो सतचित आनंद रूप है, का उदाहरण देते हुए कहा कि जो कुछ भी हम देख सकते हैं, वह हम नहीं हो सकते। द्रष्टा (देखने वाला) और दृश्य (जो देखा जा रहा है) कभी एक नहीं हो सकते। हमारा शरीर दृश्य है, जबकि हम स्वयं, जो देखने वाले हैं, वह आत्मा हैं।

इस प्रकार, यह शरीर हमारा नहीं है, बल्कि हम स्वयं आत्मा हैं। उन्होंने आगे कहा कि आत्मा परमात्मा का अंश है, ठीक उसी तरह जैसे पानी की एक बूंद विशाल समुद्र का अंश होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मानव जीवन का अंतिम और एकमात्र लक्ष्य भगवान की प्राप्ति है। हमारा शरीर एक रथ की तरह है और हमारी आत्मा इसका सारथी है।

इस रथ का उपयोग करके सारथी को भगवान तक पहुंचना है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और उनके मित्र सुदामा की सजीव झांकी प्रस्तुत की गई। जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मधुर भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा के समापन पर कथा व्यास वाणी भूषण प्रभुशरण तिवाडी का भव्य अभिनंदन और पूजन किया गया। कथा से पूर्व मुख्य यजमान रामावतार शर्मा-कलावती देवी व परिवार के सदस्यों ने आचार्य नरेश जोशी, आमोद शर्मा, विक्रम शर्मा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य भागवत व व्यास पूजन किया। इस दौरान महेंद्र शर्मा, अशोक शर्मा, प्रमोद शर्मा, अनिल शर्मा, वेदप्रकाश, सुशील कुमार, विनोद कुमार लाम्बीवाला, विनोद खंडेलवाल, कमल मोदी, सुरेश खंडेलवाल, मोतीलाल लांबीवाला, सांवरमल गहलोत, रामवतार शर्मा श्योपुरा, ओमप्रकाश कौशिक, योगेंद्र मिश्रा, राजीव शुक्ला, सुभाष लांबीवाला, कमल शर्मा, संजय शर्मा श्योपुरा, गोपाल लाठ, गोपाल सिंह सुलताना, राजेश दायमा, रतनलाल गोयल, सिद्धार्थ शर्मा, अजय शर्मा, फूलचंद भगेरिया, सांवरमल गहलोत, सुभाष धाबाई सहित बडी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष मौजूद रहे।

इंजीनियरों का सम्मान किया

झुंझुनूं, (निसं)। लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में इंजीनियर डे पर पंसारी लॉयन अस्पताल बगड रोड झुंझुनूं में इंजीनियर नागरमल जांगिड़, इंजीनियर राकेश विजय एवं इंजीनियर अरविंद झाझड़िया का क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. देवेंद्रसिंह शेखावत द्वारा पुष्पमाला एवं क्लब संरक्षक एसएन शर्मा द्वारा सम्मान पत्र देकर इंजीनियर्स का सम्मान किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. देवेंद्रसिंह शेखावत, सचिव लॉयन गोपालकृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष लॉयन भागीरथप्रसाद जांगिड, रीजन 18 पुष्य के रीजन चेयरपर्सन लॉयन डॉ. एनएस नरूका, क्लब संरक्षक एसएन शर्मा, लॉयन डॉ. उम्मेदसिंह, एमजेएफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार, एमजेफ लॉयन नरेंद्र व्यास, लॉयन महिपालसिंह, पूर्व अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, लॉयन कैलाश सिंघानिया, लॉयन मुबारक अली सहित अन्य जन उपस्थित थे।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ.प. रेलवे,बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते है। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता : http://www.ireps.gov.in 2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय : 09.10.2025** को **15.00** बजे तक **3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय : 09.10.2025** को **15.00** बजे के बाद **निविदा संख्या :** 17-टीआरडी-बीकेएन-ई-निविदा-25-26 **कार्य का विवरण :** Implementation of Cyber security measures in existing SCADA (Supervisory control and data acquisition) system of M/S Ashida Electronics Pvt Ltd. For 25Kv single phase 50 hz AC traction power supply over Bikaner division. **अनुमानित लागत (रूपये) :** रू. 50300000.00/- **धरोहर रूपये :** रू. 401500.00

1182-DR/25

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर 'वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर' अभियान का शुभारंभ

चूरू (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष इन्द्राज खीचड के नेतृत्व में वोट चोर गद्दी छोड हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ मंगलवार को जिला मुख्यालय पर पंखा रोड स्थित दादाबाड़ी हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड का नारा अब देश के कौने-कोने में गुंजने लगा है। हमारे नेता राहुल गांधी की मेहनत रंग ला रही है, जो लक्ष्य लेकर चले हैं संविधान बचाओ उस नारे को आम जनता की जुबान पर सुनने को मिल रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं को गांव-गांव द्वाणी-द्वाणी में यह संदेश पहुंचाना होगा। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। ये लोग सत्ता के लिए कोई भी हथकंडा अपना सकते हैं। हमें उनके मंसूबों पर पानी फेरते हुए आमजन को जागरूक करना है। तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार किसान और युवाओं की विरोधी है। इनका जन कल्याण से कोई लेना-देना नहीं है। आमजन को आपस में लड़ाना ही इनकी प्राथमिकता है। भाजपा को विकास से कोई लेना-देना नहीं है। सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र को तार-तार करने वाली भाजपा सरकार निकाय व पंचायती राज चुनाव से आखिर दूर क्यों भागना चाहती है, क्योंकि जनता की भावना का इनको आभास हो गया है।

सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने भाजपा को आडे-हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा आमजन के विकास के लिए कोई योजना नहीं ला रही है, जबकि पूर्ववर्ती सरकार की योजनाओं को बंद कर आमजन को हो रहे लाभों से वंचित करने का काम रही है। रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि भाजपा ने मतदाताओं से मदाधिकार छीनकर निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की पारदर्शिता को समाप्त कर सता प्राप्त की है।

कार्यक्रम में पीसीसी महामंत्री ललित तुनवाल, पीसीसी महासचिव रामसिंह कस्वां, वक्फ बोर्ड चैयरमैन खानू खां बुधवाली, महिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष रेहाना रियाज, पीसीसी सचिव रियाजत खान, विधानसभा प्रभारी भीमराज जाखड़, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल प्रभारी ज्योति खन्ना, अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल की मुख्य प्रशिक्षक मधु गुरंग, प्रदेश प्रशिक्षक रामभरोसी सैनी, सेवादल जिलाध्यक्ष संजय दीक्षित, पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, प्रधान संजय कस्वां, विक्रम सिंह शेखावत, राजगढ के पूर्व अध्यक्ष संजय पुनियां ने राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी द्वारा भाजपा व चुनाव आयोग की वोट चोर की सच्चाई के संदेश को जन जन तक पहुंचाने का आ ान किया। इस अवसर पर शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धांधू, प.स प्रतिपक्ष नेता धर्मेन्द्र बुडानिया, किसान नेता आदूराम न्यौल, मो. हुसैन निर्वाण, हेमंत सारस्वत, नारायण बालाण, रामेश्वर प्रजापति, शिवकुमार शर्मा, विद्याधर मेघवाल, लालचंद सैनी, अबरार खान, रमजान खान, कमला पुनिया, हेमन्त सिहाग, हर्ष लाम्बा, एनके झारिया, सुनिता कपुरिया, अली मो. भाटी, अजीज दिलावर खानी, असलम खां मोयल, आरिफ रिसालदार, नगर अध्यक्ष असलम खान, प्यारेलाल दानोदिया, सोयल खान डीके, डॉ. योगिता सक्सेना, बजरंग बजाड, विनोद खटीक, विधाधर बेनीवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने किया।

भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। पीएमश्री महात्मा गांधी शहीद कुलदीप सिंह राजकीय विद्यालय घरडाना खुर्द में सूबेदार धर्मपाल सिंह राव के द्वारा विद्यालय को 10 लेक्चर स्टैंड प्रदान किए गए। सूबेदार धर्मपाल सिंह राव का प्रधानाचार्य दीपचंद लाखवान एवं सरपंच उम्मेद सिंह राव द्वारा साफा पहनाकर सम्मान किया गया। घरडाना खुर्द ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष ईश्वरसिंह राव, सरपंच उम्मेद सिंह, विद्यालय के व्याख्याता जयसिंह, जितेंद्रकुमार, वीरसिंह ने सूबेदार धर्मपाल सिंह का धन्यवाद आभार व्यक्त किया।उप प्रधानाचार्य ओमप्रकाश पूनियां ने बताया कि कक्षा छह से 12 तक प्रत्येक कक्षा में लेक्चर स्टैंड उपलब्ध होने से विद्यार्थियों में लर्निंग आउटकम की वृद्धि होगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

डी.आर.एम./बिजली,उ.प.रेलवे,जोधपुर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता : http://www.ireps.gov.in 2. ई-निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय : 09.10.2025** को **15.00** बजे तक **3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय : 09.10.2025** को **15.00** बजे के बाद **निविदा संख्या :** 15R1/2025-26 **कार्य का विवरण :** Rewiring of staff quarters, service buildings, stations and LC gates & other important locations over JU Division. **अनुमानित लागत (रूपये) :** रू. 20700026.74 **निविदा संख्या :** 16R1/2025-26 **कार्य का विवरण :** Electric Work in c/w provision of Air conditioners in relay room in SMR-BMF, LN-SMR-BLDI, DNA-RTGH, MTD-BKN and 07 stations (BOM, RKZ, HRLI, STSN, PLCC, LNLA, SONU) (total 75 stations) of Jodhpur Division of NW Rly. **अनुमानित लागत (रूपये) :** रू. 12647282.78 **निविदा संख्या :** 33R/2025-26 **कार्य का विवरण :**Electrical work in c/w Provision of Facilities on Existing TMC sidings -11nos **अनुमानित लागत (रूपये) :**रू. 5618442.67 **निविदा संख्या :** 03R2/2025-26 **कार्य का विवरण :** Power supply strengthening by provision of spare cablings, transformers & other associated items viz panels, LT/HT networks etc in colonies, service buildings and other important locations in the sections of SSE/E BGKT, SMR, BME & JSM Depots over JU Division **अनुमानित लागत (रूपये) :** रू. 29775531.92 विस्तृत जानकारी हेतु कृपया http://www.ireps.gov.in पर विजिट करें।

1179-DR/25

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)

क्रमांक- न.पा.रा./2025-26/1648-49 दिनांक - 16/09/2025

आपति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्टा नामान्तरण/तामिर स्वीकृति आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को इस सबंध में आपति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस में नगरपालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवें। सम्पूर्ण जानकारी के लिए नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) में सम्पर्क करें। समयावधि निकलने के पश्चात आपति विचारानीय नही होगी। विवरण निम्नानुसार है।

क्र. स.	पत्रावली	नाम आवेदक / नामान्तरण/तामिर स्वीकृति आपति सूचना	क्षेत्रफल	पत्रावली का प्रकार
1.	851/08.09.25	श्री चन्दन सिंह पुत्र श्री इन्द्रराज सहारन, वार्ड नम्बर 10, मौहल्ला रेल्वे स्टेशन के पास, कस्बा राजगढ़ (चूरू)	08.60 वर्गमीटर	पट्टा नामान्तरण व्यवसायिक

(राकेश कुमार अरोड़ा)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजगढ़ (चूरू)

फुटबॉल प्रतियोगिता में हराकर आसलसर टीम विजेता बनी

चूरू (निसं)। ग्राम सोमासी के गुरुकुल एकेडमी में जिला स्तरीय जूनियर वर्ग छात्र-छात्राओं की फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीसीसी सचिव मुस्ताक खान थे।

वहीं एडीईओ नारायण मेघवाल, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवर लाल डूडी, गुरुकुल एकेडमी के डायरेक्टर महेश ढूकिया, बीडीसी मेंबर सुनील मेघवाल, चूरू जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष शकील दुर्रानी, सहीराम पूनिया, छात्र नेता प्रीत चांवरिया, फरमान खान, पुलकित चौधरी, प्रधानाचार्य रविन्द्र बेनीवाल, रामकुमार मेहरा, दिनेश पूनिया, पवन पूनिया आदि विशिष्ट अतिथि थे। इस दौरान अतिथियों ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारम्भ किया। आयोजकों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

जिला स्तरीय जूनियर वर्ग छात्र-छात्राओं की फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुस्ताक खान ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए गुरुकुल एकेडमी के डायरेक्टर महेश ढूकिया व सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और विजेता टीमों के सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और उप विजेता को भविष्य में ओर अधिक मेहनत कर आगे बढने का आ ान किया। खान ने कहा कि खेल से व्यक्ति का षारिरीक व मानसिक